सांवरे से मिल के मुझे करनी है दो बाते

सांवरे से मिल के मुझे करनी है दो बाते,
घर पे मेरे आते रहना, दर पे बुलाते रहना
रुठना ना मुझसे करते रहना मुलाकाते,
घर पे मेरे आते रहना, दर पे बुलाते रहना

दिल के कोरे कागज पर मैने जब से श्याम लिखा है,
आया संकट, आई अड़चन, थामे हाथ दिखा है,
श्याम ना सुनेगा, तो कौन सुनेगा, दिल की ये बातें, कौन समझेगा,
श्याम को ही सपनों में देखा है आते जाते,
मीठी मीठी बातें कहना, दिल को लुभाते रहना,
सांवरे से मिल के.........

श्याम के रंग में मैं रंग जाऊं, श्याम रंगे मेरे रंग में,
श्याम सुने मेरे दिल की बातें और रहे हम संग में,
दिल में हो मेरे, श्याम की मुरत, नैनो में मेरे, श्याम की सुरत,
"बिट्टु" अब मुश्किल है कटने, दिन और रातें,
श्याम मुस्कुराते रहना, साथ निभाते रहना,
सांवरे से मिल के .....

Singer - Priya Poddar
Lyrics - Sunil Dhanania "Bittoo"

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20870/title/sanware-se-mil-ke-mujhe-karni-hai-do-baate

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |